# सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ में आयोजित हुई योग आधारित विभिन्न प्रतियोगिताएँ

सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2025 के उपलक्ष्य में माननीय राज्यपाल महोदया, उत्तर प्रदेश द्वारा प्राप्त दिशा-निर्देशों के अंतर्गत 21 दिवसीय विशेष कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत आज टेक्नोलॉजी कॉलेज में एक दिवसीय योग से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना, मानसिक एवं शारीरिक संतुलन के महत्व को समझाना तथा भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जुड़ाव को सशक्त बनाना था। योग केवल शारीरिक क्रिया नहीं, बल्कि यह मन, शरीर और आत्मा के समन्वय का माध्यम है, जो आधुनिक जीवन की चुनौतियों का सहज और प्रभावी समाधान प्रदान करता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम में भाषण, कविता पाठ, वाद-विवाद, रंगोली, पोस्टर और स्केच जैसी रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनका विषय "योग एवं उसका समाज पर प्रभाव" रहा।

कार्यक्रम में कुल 18 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग प्रथम वर्ष की छात्रा अंशिका शर्मा, कविता पाठ में प्रथम वर्ष के छात्र अभय झा, तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम वर्ष के छात्र केशव एवं रितेश यादव, और द्वितीय वर्ष के छात्र अमन गुप्ता एवं सचिन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ-साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार, रंगोली प्रतियोगिता में द्वितीय वर्ष की छात्राएं पूजा एवं सौम्या, पोस्टर प्रतियोगिता में द्वितीय वर्ष की छात्रा पूजा, तथा स्केच प्रतियोगिता में प्रथम वर्ष के छात्र राजीव ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी के अधिष्ठाता प्रो. जयवीर सिंह ने की। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में विद्यार्थियों को योग को जीवनशैली में अपनाने, अनुशासन विकसित करने तथा समाज व राष्ट्र निर्माण में रचनात्मक भूमिका निभाने की प्रेरणा दी। उन्होंने यह भी कहा कि योग मानसिक शांति, एकाग्रता और स्वास्थ्य का ऐसा साधन है जिसे अपनाकर युवा पीढ़ी न केवल व्यक्तिगत विकास कर सकती है, बल्कि एक स्वस्थ एवं सशक्त राष्ट्र की नींव भी रख सकती है। इस रचनात्मक आयोजन का सफल निर्देशन एवं संयोजन डॉ. राहुल कुमार, डॉ. शीतल बंगा, डॉ. निशांत सिंह, डॉ. सुशांत कुमार, डॉ. चित्रा शुक्ला एवं इंजीनियर खुशबू रॉय द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी के समस्त शिक्षकगण की गरिमामयी उपस्थिति ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। अंततः सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।




MADHAV
PIYUSH
MAUSAM
HIMANSHU




GPS Map Camera
Google
Siwaya-jamalullapur, Uttar Pradesh, India
3mmx+w6c, Siwaya-jamalullapur, Uttar Pradesh 250221, India
Lat 29.085044° Long 77.698426°
12/06/2025 01:15 PM GMT +05:30


INTERNATIONAL YOGA DAY 2025
YOGA FOR


INTERNATIONAL YOGA DAY 2025
YOGA FOR
ONE EARTH
ONE HEALTH


COLLEGE OF TECHNOLOGY

# कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में आज महाविद्यालय स्तर पर छात्रों के मध्य योग से सम्बंधित गतिविधियां आयोजित करना

## (12 June, 2025)

अंतराष्ट्रीय योग दिवस  के अवसर पर आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमो की श्रृंखला में कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में आज छात्रों के मध्य योग की विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। इसी क्रम में उद्यान महाविद्यालय में छात्रो के मध्य योग विषय पर भाषण एवम चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्रो ने बढ चढ़ कर योग के महत्व पर प्रकाश डाला तथा योग से संबंधित विभिन्न प्रकार की मुद्राओ का  चित्रों के माध्यम से प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ0 डी0 के0 सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रो को अनुशासित रहते हुए प्रतिदिन योग करना चाहिए इससे उनका तन एवम मन दोनों स्वस्थ रहेंगे एवम वे अपने जीवन मे उन्नत्ति को प्राप्त कर सकेंगे। अधिष्ठाता उद्यान डॉ  0 बिजेन्द्र सिंह ने छात्रों के कार्यो की प्रसंशा की। उक्त प्रतियोगिता के विजेता छात्रो नैंसी भारती , नव्या सिन्हा, रूपांशी, ऋषभ, चंद्रशेखर एवम चंद्रप्रकाश को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ 0 विपिन कुमार, डॉ0 सत्य प्रकाश, डॉ0 दामिनी, डॉ0 सुनील, डॉ0 अनिल, डॉ0 फरहा, डॉ0 रविशंकर, डॉ0 संदीप, डॉ0 अभिषेक आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




रजत जयन्ती वर्ष
"Yoga for One Earth, One health"
अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम
(योग विषय पर भाषण एवम चित्रकला प्रतियोगिता)
स्थानः उद्यान महाविद्यालय सभागार
CERTIFICATE
12 Jun 2025, 1:18 pm


अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम
(योग विषय पर भाषण एवम चित्रकला प्रतियोगिता)
CERTIFICATE
12 Jun 2025, 1:18 pm


औद्यानिकी महाविद्यालय
COLLEGE OF HORTICULTURE
SARDAR VALLABHBHAI PATEL UNIVERSITY OF AGRICULTURE & TECHNOLOGY, MEERUT - 250110 (U.P.)
अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम
(योग विषय पर भाषण एवम चित्रकला प्रतियोगिता)
NATIONAL SERVICE SCHEME
College of Horticulture
WELCOMES YOU....


अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम
(योग विषय पर भाषण एवम चित्रकला प्रतियोगिता)
CERTIFICATE
CERTIFICATE
12 Jun 2025, 1:18 pm


12 Jun 2025, 11:17 am


रजत जयन्ती वर्ष
"Yoga for One Earth, One health"
अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम
(योग विषय पर भाषण एवम चित्रकला प्रतियोगिता)
12 Jun 2025, 1:16 pm


रजत जयन्ती वर्ष
"Yoga for One Earth, One health"
अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम
(योग विषय पर भाषण एवम चित्रकला प्रतियोगिता)
CERTIFICATE
12 Jun 2025, 1:13 pm